**Government of India**
Ministry of Youth Affairs & Sports
Regional Directorate of NSS
'C' Wing, 7th Floor,
Karpoori Thakur Sadan, CGO Complex,
Ashiyana-Digha Road, Patna - 800 025
Phone : 0612-2952934
E-mail : nssrcpatna@gmail.com
patna-nss@nic.in

सत्यमेव जयते

**भारत सरकार**
युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय
राष्ट्रीय सेवा योजना, क्षेत्रीय निदेशालय
'C' विंग, 7वां तल,
कर्पूरी ठाकुर सदन, सी.जी.ओ. कॉम्पलेक्स,
अशियाना-दीघा रोड, पटना - 800 025
फोन : 0612-2952934
ई-मेल : nssrcpatna@gmail.com
patna-nss@nic.in

सं0 पी0–35–1/रा0से0यो0/क्षे0 नि0/2025/9316-9543 दिनॉक –06–03–2025

सेवा में,

मानीय कुलपति/निदेशक
सभी विश्वविद्यालय/संस्थान, बिहार एवं झारखंड

विषय– विकसित भारत युवा संसद 2025 कार्यक्रम के संबंध में ।

महोदय/महोदया,

सूचित करना है कि वर्ष 2019 से भारत सरकार, युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय के द्वारा जिला स्तर, राज्य स्तर एवं राष्ट्रीय स्तर पर राष्ट्रीय युवा संसद महोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया जाता है । इस वर्ष भारत सरकार, युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय के द्वारा राष्ट्रीय सेवा योजना एवं नेहरु युवा केन्द्र संगठन के सहयोग से जिला स्तर, राज्य स्तर एवं राष्ट्रीय स्तर पर **विकसित भारत युवा संसद 2025** का आयोजन किया किया जा रहा है जिसमें राष्ट्रीय सेवा योजना के वही स्वयंसेवक भाग लेने के योग्य होगें जिनकी उम्र 18 से 25 वर्ष के बीच की होगी तथा My Bharat Portal पर उनका निबंधन हो चुका है । जिला स्तरीय **विकसित भारत युवा संसद 2025** कार्यक्रम में भाग लेने हेतु सर्वप्रथम My Bharat Portal पर निबंधित स्वयंसेवकों को अपने माई भारत प्रोफाईल पर जाकर निबंधन कराना आवश्यक है जो **दिनॉक 27–02–2025 से 09–03–2025 तक** किया जायेगा तथा इस अवधि में उन्हें **विकसित भारत के लिए अपने विचार** को दर्शाते हुए 25 MB का एक Video अपने माई भारत प्रोफाईल पर Upload करना है । यदि उनका Video चयन समिति के द्वारा चयनीत किया जाता है तो वे जिला स्तरीय **विकसित भारत युवा संसद 2025** कार्यक्रम में भाग ले सकेगें । पूर्व में आयोजित राष्ट्रीय युवा संसद महोत्सव कार्यक्रम के राष्ट्रीय स्तर के विजेता इस कार्यक्रम में भाग लेने के योग्य नहीं होगें ।

जिला स्तरीय **विकसित भारत युवा संसद 2025** कार्यक्रम में प्रति नोडल जिला से 10 स्वयंसेवको का चयन राज्य स्तर पर भाग लेने हेतु किया जायेगा । राज्य स्तरीय कार्यक्रम के प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त स्वयंसेवकों को राष्ट्रीय स्तर पर भाग लेने के लिए नई दिल्ली आमंत्रित किया जा सकता है जहॉ प्रत्येक राज्य से प्रथम स्थान प्राप्त स्वयंसेवक उक्त कार्यक्रम में भाग लेगें । **दिनॉक 10–03–2025 से 17–03–2025 तक** जिला स्तरीय **विकसित भारत युवा संसद 2025** कार्यक्रम राज्य के विभिन्न District Nodal Centre पर आयोजित की जायेगी । **विकसित भारत युवा संसद 2025** कार्यक्रम में भाग लेने हेतु माई भारत प्रोफाईल पर निबंधन से संबंधित Step wise प्रकिया एवं दिशानिर्देश तथा राज्य के विभिन्न District Nodal Centres की सूची जिसमें जिलों के स्वयंसेवक भाग लेगें, सलंग्न की जाती है ।

अतः आपसे अनुरोध है कि अपने विश्वविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम समन्वयक को निदेशित करने का कष्ट करें कि वे सभी राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम पदाधिकारियों को **विकसित भारत युवा संसद 2025** कार्यक्रम में भाग लेने हेतु स्वयंसेवकों के निबंधन कराने के संबंध में आवश्यक कार्यवाही करें ताकि अधिक से अधिक स्वयंसेवकों का निबंधन हो सके ।

भवदीय

Gdhyay

(गिरधर उपाध्याय)
क्षेत्रीय निदेशक

सलंग्नक – उपरोक्त

प्रतिलिपिः–

1. निदेशक, भारत सरकार, युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, रा0से0यो0 निदेशालय, नई दिल्ली
2. निदेशक, कला, संस्कृति एवं युवा विभाग, बिहार सरकार, पटना
3. निदेशक, पर्यटन, कला, संस्कृति, खेल एवं युवा विभाग, झारखंड सरकार, रॉची
4. कार्यक्रम समन्वयक, राष्ट्रीय सेवा योजना, सभी विश्वविद्यालय/संस्थान, बिहार एवं झारखंड
5. राज्य राष्ट्रीय सेवा योजना सम्पर्क अधिकारी, झारखंड राज्य
6. जिला नोडल पदाधिकारी, बिहार एवं झारखंड